भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या: **266**
गुरुवार, 21 दिसंबर, 2023/30 अग्रहायण, 1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

कृषि उड़ान योजना

*** 266. डॉ. जी. रणजीत रेड्डी:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में कृषि उड़ान योजना के अंतर्गत शामिल किए पर विमानपत्तनों का ब्यौरा क्या है;
(ख) हवाई परिवहन के माध्यम से कृषि उत्पादों की ढुलाई के लिए दी गई सुविधाओं और प्रोत्साहनों का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या यह सच है कि जल्दी खराब होने वाले फलों, सब्जियों और अन्य कृषि उत्पादों की ढुलाई के लिए उक्त योजना में तेलंगाना को शामिल नहीं किया गया है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और
(घ) कृषि उड़ान योजना के अंतर्गत तेलंगाना के कुछ विमानपत्तनों को शामिल करने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) से (घ.): एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

'कृषि उड़ान योजना' के संबंध में लोकसभा के दिनांक 21.12.2023 के तारांकित प्रश्न संख्या 266 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

(क) : कृषि उड़ान योजना के अंतर्गत शामिल 58 हवाईअड्डों की राज्यवार-सूची, अनुलग्नक पर उपलब्ध है।

(ख) : कृषि उड़ान योजना का यह प्रयास है कि, विशेषतया देश के पूर्वोत्तर, पहाड़ी और आदिवासी क्षेत्रों में उत्पन्न होने वाले सभी कृषि उत्पादों के लिए निर्बाध, लागत प्रभावी, समयबद्ध हवाई परिवहन और संबद्ध लॉजिस्टिक्स सुनिश्चित हो।

हवाई परिवहन से कृषि उपज की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने और प्रोत्साहित करने के लिए इस योजना के तहत चयनित हवाईअड्डों पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) और रक्षा मंत्रालय द्वारा भारतीय माल वाहकों से लिए जाने वाले लैंडिंग शुल्क, पार्किंग शुल्क आदि में छूट की परिकल्पना की गई है।

(ग) और (घ): देश में चयनित 58 हवाई अड्डों पर, कृषि उड़ान योजना के अंतर्गत, सभी कृषि संबंधी मदें और जल्द खराब होने पदार्थ शामिल हैं, जिनमें बागवानी, मत्स्य पालन, पशुधन और प्रसंस्कृत उत्पाद शामिल हैं। कृषि उड़ान एक सतत योजना है और समय-समय पर स्टेकधारकों के साथ परामर्श के पश्चात् इसकी समीक्षा की जाती है।

*****

लोक सभा के दिनांक 21.12.2023 के तारांकित प्रश्न संख्या 266 के उत्तर में संदर्भित विवरण।

अनुलग्नक

कृषि उड़ान योजना के अंतर्गत शामिल हवाई अड्डों की राज्यवार सूची

क्र .सं.	राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र	हवाईअड्डा
1	अंडमान और निकोबार	1. पोर्ट ब्लेयर
2	आंध्र प्रदेश	2. विशाखापत्तनम
3	अरुणाचल प्रदेश	3. तेजु
4	असम	4. डिब्रूगढ़
		5. जोरहाट
		6. लीलाबारी
		7. रूपसी
		8. सिलचर
		9. तेजपुर
5	बिहार	10. पटना
		11. दरभंगा
6	चंडीगढ़	12. चंडीगढ़
7	छत्तीसगढ	13. रायपुर
8	गोवा	14. गोवा
9	गुजरात	15. भुज
		16. जामनगर
		17. राजकोट
10	हिमाचल प्रदेश	18. भुंतर
		19. गग्गल
		20. शिमला
11	जम्मू एवं कश्मीर	21. जम्मू
		22. श्रीनगर
12	झारखंड	23. रांची
13	कर्नाटक	24. बेलगावी
14	केरल	25. तिरुवनंतपुरम
15	लद्दाख	26. लेह
16	लक्षद्वीप	27. अगाती
17	मध्य प्रदेश	28. इंदौर
		29. भोपाल
		30. जबलपुर
18	महाराष्ट्र	31. नासिक
		32. पुणे
19	मणिपुर	33. इंफाल
20	मेघालय	34. शिलांग
21	मिजोरम	35. लेंगपुई
22	नागालैंड	36. दीमापुर

23	ओडिशा	37. झारसुगुडा
24	पंजाब	38. आदमपुर
		39. अमृतसर
		40. पठानकोट
25	राजस्थान	41. जैसलमेर
		42. जोधपुर
26	सिक्किम	43. पाक्योंग
27	तमिलनाडु	44. कोयंबटूर
		45. तिरुचिरापल्ली
28	त्रिपुरा	46. अगरतला
29	उत्तर प्रदेश	47. आगरा
		48. बरेली
		49. गोरखपुर
		50. हिंडन
		51. कानपुर
		52. प्रयागराज
		53. वाराणसी
30	उत्तराखंड	54. देहरादून
		55. पंतनगर
		56. पिथौरागढ़
31	पश्चिम बंगाल	57. बागडोगरा
		58. कोलकाता